भारत सरकार

रक्षा मंत्रालय

रक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3971

17 जुलाई, 2019 को उत्तर के लिए

दार्जिलिंग में सैनिक स्कूल

3971. श्री राजू बिष्ट :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या वर्ष 2012 में दार्जिलिंग में सैनिक स्कूल की स्थापना के लिए सिद्धांतः अनुमोदन प्रदान कर दिया गया था;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और तत्संबंधी वर्तमान स्थिति क्या है और मामले में विलंब, यदि कोई हो, के क्या कारण हैं;

(ग) क्या गोरखा भर्ती डिपो और गोरखा अभिलेख कार्यालय को दार्जिलिंग से दूर स्थानांतरित करने का प्रस्ताव है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री श्रीपाद नाईक)

(क) और (ख): जी, हां । दार्जलिंग में सैनिक स्कूल की स्थापना के लिए 10.05.2012 को सिद्धांतः अनुमोदन प्रदान कर दिया था और इसकी सूचना 21.05.2015 को पश्चिम बंगाल सरकार को दे दी गई थी । प्रक्रिया के अनुसार दार्जलिंग में सैनिक स्कूल की स्थापना से पहले राज्य सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने की जरूरत होती है । पश्चिम बंगाल राज्य सरकार को 21.05.2015 को रक्षा मंत्रालय, पश्चिम बंगाल राज्य सरकार व गोरखा लैंड क्षेत्रीय प्रशासन (जीटीए) के बीच एक त्रिपक्षीय समझौता पर हस्ताक्षर करने का अनुरोध किया गया था । पश्चिम बंगाल राज्य सरकार की ओर से आज की तारीख तक कोई जवाब नहीं आया है ।

(ग): ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है ।

(घ): प्रश्न नहीं उठता ।

*****